collegebatch.com

Series EFGHE

SET ~ 4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **40** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

निर्धारित समय : **3** घण्टे
Time allowed : **3** hours

अधिकतम अंक : **80**
Maximum Marks : **80**

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

1. *प्रश्न-पत्र के 4 खण्ड हैं– क, ख, ग और घ*

   *1.1* ***खण्ड क*** – बहुवैकल्पिक प्रश्न

   *1.2* ***खण्ड ख*** – 2 अंक

   *1.3* ***खण्ड ग*** – 3 अंक

   *1.4* ***खण्ड घ*** – 5 अंक

2. प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं हैं ।

**खण्ड – क**

1. मनोज राज्य सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारी है । सेवानिवृत्ति पर उसे देय संपूर्ण धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है और वह इस मामले को अपने विभाग के साथ उठा रहा है । उस संबंधित निकाय का पता करें ताकि मनोज समस्या के समाधान के लिये उनसे संपर्क कर सके । **1**

   (क) एन.जी.टी. (राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण)

   (ख) सी.ए.टी. (कैट) (केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण)

   (ग) एस.ए.टी. (सैट) (राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण)

   (घ) टी.डी.एस.ए.टी. (दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीली न्यायाधिकरण)

2. रवि एक मूर्तिकार है और वह सभी लोकप्रिय देवताओं की मूर्तियाँ बनाता है । किसी मांगलिक समारोह के लिये समय पर एक मूर्ति भेजने के लिये नरेश एक आर्डर भेजता है । रवि निर्धारित समय से एक सप्ताह बाद मूर्ति भेज पाता है । नरेश नियत तारीख को "पूजा" नहीं करा पाता और इस नुकसान के लिये वह रवि पर मुकदमा दायर करता है ।

   इस मामले में निम्नलिखित में से कौन लागू होगा ? **1**

   (क) निष्पादन द्वारा समाप्त

   (ख) संविदा भंग द्वारा समाप्त

   (ग) कालातीत हो जाने पर समाप्त

   (घ) निष्पादन की असंभवता द्वारा समाप्त

collegebatch.com

***General Instructions :***

1. The question paper contains **4** sections – A, B, C and D

   *1.1* ***Section A*** – Multiple Choice Questions

   *1.2* ***Section B*** – 2 marks

   *1.3* ***Section C*** – 3 marks

   *1.4* ***Section D*** – 5 marks

2. Internal choice is given in the paper, there is no overall choice.

## SECTION – A

1. Manoj is a retired State Government employee. His retirement dues have not been paid in full and Manoj is pursuing the matter with the department. Identify the relevant body that Manoj can approach for redressal. **1**

   (a) NGT (National Green Tribunal)

   (b) CAT (Central Administrative Tribunal)

   (c) SAT (State Administrative Tribunal)

   (d) TDSAT (Telecom Dispute Settlement and Appellate Tribunal)

2. Ravi is a sculptor and makes idols of all popular deities. Naresh places an order for an idol to be delivered in time for an auspicious gathering. Ravi is able to deliver the idol a week later than agreed. Naresh was unable to conduct 'Pooja' on the appointed date and sues Ravi for damages.

   Which of the following will apply in this instance ? **1**

   (a) Discharge by performance

   (b) Discharge by breach of contract

   (c) Discharge by lapse of time

   (d) Discharge by impossibility of performance

3. भूरा एक गरीब किसान है जो भूख और गरीबी से तंग आकर अजय से ₹ 10,000 का ऋण लेता है । इसके बदले भूरा जीवन भर, बिना किसी वेतन के उसके लिये काम करने का वचन देता है । एक वर्ष के कठोर परिश्रम के बाद भूरा, अजय के लिये काम करना बंद कर देता है ।

इस मामले में निम्नलिखित में से कौन लागू होगा ? **1**

(क) अजय न्यायालय जा सकता है क्योंकि भूरा ने संविदा-भंग की है ।

(ख) अजय संविदा लागू नहीं कर सकता क्योंकि भूरा की सहमति मुफ्त में काम करने की नहीं थी ।

(ग) अजय संविदा लागू नहीं कर सकता क्योंकि करार पर्याप्त सोच-विचार के बिना किया गया था ।

(घ) अजय, भूरा पर मुकदमा कर सकता है क्योंकि करार जीवन भर के लिये था और भूरा ने पर्याप्त कार्य नहीं किया ।

4. सर्जरी (शल्य चिकित्सा) के कुछ हफ्तों बाद लता ने अपने पेट में भयंकर दर्द की शिकायत की । स्कैनिंग (Scanning) से पता चला कि पेट के अंदर कोई कपड़े का टुकड़ा रह गया था जिस कारण गंभीर संक्रमण पैदा हो गया । इस मामले में निम्नलिखित में से कौन लागू हो सकता है ? **1**

(क) सर्जन गैर-कानूनी उत्पीड़न के लिये उत्तरदायी है, यह एक भूल (गलती) नहीं हो सकती ।

(ख) सर्जन लापरवाही के लिये जिम्मेदार है ।

(ग) सर्जन उत्तरदायी नहीं है क्योंकि कोई बड़ी घटना नहीं हुई है ।

(घ) सर्जन वार (प्रहार) के अपकृत्य (चोट पहुँचा कर नुकसान) के लिये उत्तरदायी है ।

5. उस मध्यस्थता के रूप की पहचान करें जिसे मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 2(1) (च) के अंतर्गत विशेष रूप से परिभाषित किया गया है । **1**

(क) सांस्थानिक मध्यस्थता

(ख) सांविधिक मध्यस्थता

(ग) अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता

(घ) तदर्थ मध्यस्थता

collegebatch.com

3. Bhoora, a poor farmer, forced by hunger and destitution, loans ₹ 10,000 from Ajay provided Bhoora undertakes to work for him without pay for all his life. After a year of hard labour, Bhoora stops working for Ajay.

Which of the following will apply in this instance ? **1**

(a) Ajay can move the court as Bhoora has breached the contract.

(b) Ajay cannot enforce contract as Bhoora's consent was not free.

(c) Ajay cannot enforce contract because agreement was without adequate consideration.

(d) Ajay can sue Bhoora as he hasn't done enough work, since the agreement was for life.

4. A few week after a surgery, Lata complained of excruciating pain in her abdomen. A scan revealed that a piece of gauze had been left inside and had led to a severe infection. Which of the following is applicable in this instance ? **1**

(a) The surgeon is liable for unlawful harassment, this cannot be mistake.

(b) The surgeon is liable for negligence.

(c) The surgeon is not liable since nothing major has happened.

(d) The surgeon is liable for tort of assault.

5. Identify the form of arbitration that has been defined specifically under section 2(1) (f) of the Arbitration and Conciliation Act, 1996. **1**

(a) Institutional Arbitration

(b) Statutory Arbitration

(c) International Commercial Arbitration

(d) Ad-hoc Arbitration

collegebatch.com

6. सबा और हामिद एक-दूसरे से विमुख पति-पत्नी हैं जिन्हें अपने विवाद निपटाने के लिये मध्यस्थ सहायता चाहिए । परंतु उनके अलग-अलग देशों में होने के कारण इसमें एक बड़ी बाधा सामने आ रही है । निम्नलिखित में से कौन समुचित उपाय है ? 1

(क) सरल बीच-बचाव (मध्यस्थता)
(ख) मध्यस्थता (विवाचन)
(ग) आनलाइन मध्यस्थता
(घ) विवाचन मध्यस्थता

7. अनुच्छेद 21 के दूसरे खंड में वर्णित है कि किसी के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को केवल _______ द्वारा ही छीना जा सकता है । 1

(क) भारत का उच्चतम न्यायालय
(ख) कोई निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया
(ग) राज्य
(घ) कानून, जब यह किसी अन्य मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है ।

8. राष्ट्रीय राजधानी के अति विशिष्ट क्षेत्र में आसन्न हमले की तैयारी करते हुए दुश्मन देश के एक संदिग्ध आतंकवादी मेमे को पकड़ा जाता है । उसे स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया । इस स्थिति में निम्नलिखित में से कौन लागू होगा ? 1

(क) गिरफ्तारी के कारणों को बताये बिना किसी को भी हिरासत में नहीं लिया जा सकता ।
(ख) गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील से परामर्श करने और बचाव करने का अधिकार है ।
(ग) मजिस्ट्रेट के प्राधिकार के बिना 24 घंटे से अधिक समय के लिये किसी व्यक्ति को हवालात में नहीं रखा जा सकता ।
(घ) उक्त आतंकवादी के लिये कोई सुरक्षा लागू नहीं होती ।

collegebatch.com

6. Saba and Hamid are an estranged couple seeking mediatory help to resolve their disputes. Being in different countries, however, is proving to be a major hurdle. Identify which of the following is a suitable recourse. **1**

(a) Facilitative mediation (b) Arbitration

(c) Online mediation (d) Mediation with arbitration

7. The second part of Article 21 describes that one's right to life and personal liberty can be taken away only by **1**

(a) the Supreme Court of India

(b) a procedure that is fair and reasonable

(c) the State

(d) law, when it violates any other Fundamental Rights.

8. Meme, a suspected terrorist from an enemy country, is caught preparing an imminent attack in a high-profile area in the National Capital. He was arrested by the local police. Which of the following will apply in this situation ? **1**

(a) No one can be detained in custody without providing the grounds for arrest.

(b) Arrested person has a right to consult and be defended by a legal practitioner of choice.

(c) No person can be detained beyond 24 hours without the authority of magistrate.

(d) No safeguards apply for Meme.

collegebatch.com

9. भारत में, वकीलों द्वारा विज्ञापन देना ______ द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है । 1

(क) सरकारी विनियमों

(ख) उच्चतम न्यायालय

(ग) भारतीय बार काउंसिल

(घ) व्यावसायिक आचरण मॉडल नियमावली

10. मीना एक युवा विधि स्नातक है जो भारत के किसी न्यायालय में अधिवक्ता (Advocate) के रूप में कार्य करना चाहती है । यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निम्नलिखित में से कौन सा अच्छा तरीका है ? 1

(क) अखिल भारतीय विधिज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण करना

(ख) विधि फर्मों (Law Firms) के अनुसंधान केन्द्रों से जुड़ना

(ग) न्यायिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करना ।

(घ) सामान्य विधि प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करना ।

11. ए. के. बालाजी द्वारा दायर जनहित याचिका (पी.आई.एल.) के उत्तर में मद्रास उच्च न्यायालय ने किस प्रकार भारतीय संदर्भ में विधिक सेवा क्षेत्र के उदारीकरण के मुद्दे का समाधान किया ? 1

(क) इसने भारतीय विधि व्यवसाय को विदेशी वकीलों या विदेशी कानूनी फर्मों के लिये खोलने के विरुद्ध निर्णय दिया ।

(ख) इसने निर्णय दिया कि भारत में संपर्क कार्यालय स्थापित करने के लिये विदेशी विधि फर्मों को अनुमति नहीं दी जा सकती ।

(ग) इसने विदेशी वकीलों को भारत में "आओ और जाओ" (fly in and fly out) आधार पर प्रैक्टिस करने की अनुमति दी ।

(घ) इसने भारतीय वकीलों के लिये एकसमान अधिकार क्षेत्र (level playing field) तैयार करने के लिये अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के संशोधन की सिफारिश दी ।

collegebatch.com

9. In India, advertising by lawyers is strictly restricted by **1**

(a) Government regulations

(b) The Supreme Court

(c) Bar Council of India

(d) Model Rules of Professional Conduct

10. Meena is a young law graduate, aspiring to practise as an advocate in a court of law in India. Which of the following is a good way to achieve it ? **1**

(a) Clear All India Bar Examination

(b) Being attached with research centres of law firms.

(c) Clear the Judicial Services Exam.

(d) Clear the Common Law Admission Test.

11. How did Madras High Court address the issue of liberalization of legal service sector in Indian context in its response to a PIL filed by A.K. Balaji ? **1**

(a) It ruled against opening up of Indian Legal Profession to foreign lawyers or foreign law firms.

(b) It ruled that foreign law firms could not be permitted to setup liaison offices in India.

(c) It permitted foreign lawyers to practise in India on "fly in and fly out" basis.

(d) It recommended amendment of the Advocates Act, 1961 to prepare a level playing field for Indian lawyers.

collegebatch.com

12. **अभिकथन (क) :** मानवाधिकारों के परिप्रेक्ष्य में मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय कानून कहता है । **1**

**कारण (ख) :** भारत ने सिविल और राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (आई.सी.सी.पी.आर.) का समर्थन किया है और मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिये वह बाध्य है ।

उक्त (क) और (ख) में दिये गये कथनों का विश्लेषण करें और सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनें ।

(क) (क) और (ख) दोनों सही हैं और (ख), (क) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (क) और (ख) दोनों सही हैं, परंतु (क) का सही स्पष्टीकरण (ख) नहीं है ।

(ग) (क) सही है, परंतु (ख) गलत है ।

(घ) (क) गलत है, परंतु (ख) सही है ।

13. **अभिकथन (क) :** कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 को 2002 में संशोधित किया गया था । **1**

**कारण (ख) :** भारत की संसद ने महसूस किया मुकदमेबाज़ी उन्मुख कानूनी सेवाएँ न्यायिक प्रणाली को सभी के लिए सुलभ बनाने के वांछित परिणाम नहीं ला सकती हैं ।

उक्त (क) और (ख) में दिये गये कथनों का विश्लेषण करें और सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनें ।

(क) (क) और (ख) दोनों सही हैं और (क) का सही स्पष्टीकरण (ख) है ।

(ख) (क) और (ख) दोनों सही हैं, परंतु (क) का सही स्पष्टीकरण (ख) नहीं है ।

(ग) (क) सही है, परंतु (ख) गलत है ।

(घ) (क) गलत है, परंतु (ख) सही है ।

collegebatch.com

12. **Assertion (A) :** International law addresses the provision for free legal services from the perspective of Human Rights. **1**

**Reason (R) :** India has ratified the International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) and is bound to provide free legal assistance.

Analyse the statements marked (A) and (R) and select the most appropriate response.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

13. **Assertion (A) :** Legal Services Authorities Act, 1987 was amended in 2002. **1**

**Reason (R) :** The Parliament of India realized that litigation oriented legal services cannot bring out desired result of making judicial system accessible to all.

Analyse the statements marked (A) and (R) and select the most appropriate response.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

collegebatch.com

14. रॉय और ऐनी उद्यमकर्ता हैं जिनका अपने देश की सरकार के साथ व्यापार कानूनों के ऊपर एक रोक के बाद विवाद चल रहा है । कानून की उस श्रेणी को बतायें जिसके अंतर्गत इस प्रकार के विवाद आते हैं । **1**

(क) अंतर्राष्ट्रीय संधि कानून (ख) सरकारी अंतर्राष्ट्रीय कानून

(ग) निजी अंतर्राष्ट्रीय कानून (घ) नगरपालिका कानून

15. **अभिकथन (क) :** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ.) की स्थापना प्रथम विश्व युद्ध के बाद 1919 में की गई थी । **1**

**कारण (ख) :** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का उद्देश्य सदस्य देशों को उनके आर्थिक विकास के लिये ऋण प्रदान करना है ।

उक्त (क) और (ख) कथनों का विश्लेषण करें और सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनें ।

(क) (क) और (ख) दोनों सही हैं और (ख), (क) का सही स्पष्टीकरण है ।

(ख) (क) और (ख) दोनों सही हैं परंतु (ख), (क) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(ग) (क) सही है, परंतु (ख) गलत है ।

(घ) (क) गलत है, परंतु (ख) सही है ।

**16 से 20 :** दिये गये उद्धरण को पढ़ें और दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें : **5 × 1 = 5**

रोहित और रोमा ने तलाक के लिये आवेदन किया है और उनकी स्थावर संपत्ति (real estate) का बँटवारा अभी होना है । दोनों के संयुक्त स्वामित्व वाले फ्लैट के लिये रोहित ने माँग की है । मामले पर न्यायालय में फैसला होने से पहले ही रोहित फ्लैट बेच देता है । इस संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें :

16. रोहित द्वारा फ्लैट की बिक्री _______ है । **1**

(क) विधिमान्य (ख) अविधिमान्य

(ग) अनिश्चित (घ) वैध

17. यहाँ पर लागू कानूनी सिद्धांत है **1**

(क) चयन का सिद्धांत (ख) पृथक्करणीयता का सिद्धांत

(ग) वाद लम्बित का सिद्धांत (घ) प्रत्यास्थापन (वापस करना) का सिद्धांत

collegebatch.com

14. Roy and Annie are entrepreneurs who have a dispute with the government of their country over trade laws following an embargo. Identify the category of law which covers these kinds of disputes. 1

(a) International Treaty Law
(b) Public International Law
(c) Private International Law
(d) Municipal Law

15. **Assertion (A) :** International Labour Organisation (ILO) was set-up post the First World War in 1919. 1

**Reason (R) :** International Labour Organisation (ILO) aims to provide loans to member states for their economic development.

Analyse the statements marked (A) and (R) and select the most appropriate response.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(c) (A) is true, but (R) is false.
(d) (A) is false, but (R) is true.

**16-20 :** Read the given excerpt and answer the questions that follow : **5 × 1 = 5**

Rohit and Roma have filed for divorce and the distribution of their real estate is yet to be settled. A flat that is jointly owned by them is demanded by Rohit. Before the matter is resolved in court, Rohit sells off the flat. In this context, answer the following questions :

16. The sale of the flat by Rohit is ______. 1

(a) valid
(b) invalid
(c) contingent
(d) legal

17. The legal principle applicable here is 1

(a) Doctrine of election
(b) Doctrine of severability
(c) Doctrine of lis pendens
(d) Doctrine of restitution

collegebatch.com

18. दिये गये मामले में विधिमान्य हस्तांतरण की कौन सी मर्मभूत बातें प्रभावित होती हैं ? 1

(i) हस्तांतरण दो या अधिक जीवित व्यक्तियों के बीच होना चाहिए ।

(ii) हस्तांतरित संपत्ति विल्लंगम (ऋणभार) से मुक्त होनी चाहिए ।

(iii) संपत्ति हस्तांतरण के लिये हस्तांतरणकर्ता को प्राधिकृत किया जाना चाहिए ।

(iv) हस्तांतरण किसी गैर–कानूनी उद्देश्य (वस्तु) के लिये नहीं होना चाहिए ।

(क) (i) और (iv) (ख) (ii) और (iii)

(ग) (i) और (iii) (घ) (ii) और (iv)

19. संपत्ति हस्तांतरण का तरीका निम्नलिखित के अनुसार अलग–अलग है : 1

(क) संपत्ति मूल्य

(ख) हस्तांतरणकर्ता की नेट वर्थ (net worth)

(ग) हस्तांतरण प्राप्तकर्ता की नेट वर्थ

(घ) पक्षकारों की अधिमानता

20. निम्नलिखित में से कौन स्थावर (अचल) संपत्ति है ? 1

(क) काष्ठ (ख) खड़ी फसल

(ग) घास (घ) जमीन से प्राप्त लाभ

## खण्ड – ख

21. भारतीय जनतंत्र में न्यायपालिका की प्रहरी (पहरेदार) के रूप में भूमिका को स्पष्ट करें । 2

**अथवा**

"विधि की उचित (सम्यक) प्रक्रिया" का क्या अर्थ है ? न्यायपालिका की स्वतंत्रता किस प्रकार विधि की उचित (सम्यक) प्रक्रिया से संबंध रखती है ?

22. अशोक जिला न्यायाधीश के रूप में अपनी नियुक्ति की इच्छा रखता है । भारत में उक्त पद के लिये निर्धारित योग्यताओं का उल्लेख करें । 2

23. जनहित याचिका (पी.आई.एल.) ने भारतीय न्यायालयों की सक्रिय न्यायिक प्रक्रिया में क्रांति ला दी है । इस पर टिप्पणी करें । 2

collegebatch.com

18. Which of the essentials of a valid transfer are affected in the given case ? **1**

    (i) Transfer should be between two or more living persons.

    (ii) Property transferred should be free from encumbrances.

    (iii) Transferor must be authorised to transfer the property.

    (iv) Transfer should not be for an unlawful object.

    (a) (i) and (iv) (b) (ii) and (iii)

    (c) (i) and (iii) (d) (ii) and (iv)

19. The mode of transfer of property varies according to **1**

    (a) value of property (b) net worth of transferor

    (c) net worth of transferee (d) preference of the parties

20. Which of the following is an immovable property ? **1**

    (a) Timber (b) Standing crops

    (c) Grass (d) Benefits arising out of land

## SECTION – B

21. Explain the role of judiciary as the watch-dog in Indian democracy. **2**

**OR**

What is meant by the term "due process of law" ? How is the independence of judiciary related to due process of law ?

22. Ashok aspires for an appointment as a District Judge. State the qualifications for the said post in India. **2**

23. Public Interest Litigation (PIL) has revolutionised the judicial activism of the courts in India. Comment. **2**

collegebatch.com

24. नीचे दी गई दो परिस्थितियों का विश्लेषण करें और व्यक्तियों के आपराधिक दायित्वों की समीक्षा करें : **2**

(क) अपने भूखे बच्चों के लिये किसी भी प्रकार भोजन की व्यवस्था न कर पाने के बाद रामवती ने भयंकर गरीबी और अभाव के कारण आत्महत्या का प्रयास किया ।

(ख) किसी रिसॉर्ट के तरण ताल (स्विमिंग पूल) में एक लड़का डूब रहा है । एक व्यक्ति जो तरण ताल के ही पास है, इस लड़के को बचाने का कोई प्रयास नहीं करता ।

क्या रामवती और तरणताल (स्विमिंग पूल) के पास बैठा व्यक्ति आपराधिक रूप से उत्तरदायी हैं ?

25. सरकारी डेंटल कॉलेज में अपने लड़के को भर्ती कराने के लिये प्रमोद ने एलेक्स को घूस (रिश्वत) के रूप में ₹ 10 लाख का भुगतान किया । परंतु एलेक्स उसका प्रवेश नहीं करा सका और उक्त धनराशि वसूल करने के लिये प्रमोद उस पर मुकदमा करता है । क्या प्रमोद के पास एलेक्स से यह धनराशि वसूल करने का विधिमान्य आधार है, इसकी समीक्षा करें । **2**

26. कावेरी वकालत का पेशा अपनाने पर विचार कर रही है परंतु भारत में इस पेशे में पुरुषों का दबदबा और सफल महिला वकीलों की बहुत कम संख्या को देखकर वह चिंतित है ।

भारत के वर्तमान परिदृश्य में क्या उसका डर सही है, इसकी जाँच करें । **2**

27. श्रीमती रंजिनी सिंह एक वृद्ध महिला हैं जो अपने बेटे के साथ एक अप्रिय संपत्ति विवाद में उलझी हुई हैं । उनका वकील न्यायालय की कार्यवाहियों में उपस्थित नहीं होता और संबंधित दायित्वों को निभाने से मना करता है । इसके अलावा वह वाटरमार्क वाले कोरे कागजों पर मुवक्किल के हस्ताक्षर करवा लेता है । ऐसी परिस्थिति में भारतीय विधिज्ञ परिषद (Bar Council of India) के अनुबंधों को बतायें । **2**

28. भारत में दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 304(1) और अनुच्छेद 39 क के अंतर्गत दी गई निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधान की जाँच करें । **2**

collegebatch.com

24. Analyse the two situations given below and assess the criminal liability of the individuals : **2**

    (a) Ramawati in sheer destitution and impoverishment attempted to kill herself after failing in all ways to arrange for food for her starving children.

    (b) A boy is sinking in a swimming pool of a resort. A man who is besides the pool does not make any attempt to save this boy.

    Would Ramawati and the man beside the swimming pool be criminally liable ?

25. Pramod paid 10 lakh rupees to Alex as bribe to secure a seat for his son in the Government Dental College. Alex is eventually unable to secure the seat and Pramod sues him to recover the amount. Assess whether Pramod has a valid basis to recover the amount from Alex. **2**

26. Kaveri is considering a career in law but is worried about male domination in the profession and a low number of successful women lawyers in India.

    Examine whether her fears are justified in present day scenario in India. **2**

27. Mrs. Ranjini Singh is an elderly woman embroiled in a bitter property dispute with her son. Her lawyer fails to turn up for court proceedings and refuses to perform related obligations. In addition, he takes the clients' signatures on blank watermarked papers. Identify the stipulations of the Bar Council of India, in this situation. **2**

28. Examine the provision of free legal aid in India as given under Article 39A and Section 304(1) of Code of Criminal Procedure, 1973. **2**

collegebatch.com

**खण्ड – ग**

29. भारत में संवैधानिक सिद्धान्तों और मूल्यों को संरक्षित करने में न्यायिक पुनर्विलोकन (Judicial review) ने सहायता की है । **3**

दिये गये संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) भारत में किसे न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति उपलब्ध है ?

(ख) केन्द्र और राज्यों के बीच विधायी सक्षमता से संबंधित मामलों में न्यायिक पुनर्विलोकन के क्षेत्र की जाँच करें ।

(ग) क्या न्यायिक पुनर्विलोकन की पद्धति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 तक हो सकती है ? यदि हाँ, तो किस प्रकार ?

30. सुरेश एक प्राइवेट फर्म का कर्मचारी है और अपने साथी अतुल के प्रति दुर्भावना रखता है । सुरेश एक दिन प्रातः कार्य स्थल पर अतुल की कुर्सी पीछे खींच देता है जब वह उसमें बैठने ही वाला था । इससे अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया । इस मामले में अपकृत्य को बतायें और इसकी मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट करें । **3**

31. राजू, मनोज और अनिल आपस में भाई हैं और एक भूखंड (प्लॉट) के संयुक्त रूप से मालिक हैं । कुछ समय बाद उक्त भूखंड के स्वामित्व और बँटवारे के बारे में उनमें झगड़ा हो गया । इसका शीघ्र समाधान करने के लिये वह मामले को लोक अदालत ले जाने का निश्चय करते हैं । इस परिस्थिति में लोक अदालत के तीन फायदों को बतायें । **3**

**अथवा**

रचना और लोकेश ने एक वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के लिये आवेदन किया और मध्यस्थ के द्वारा अपने वैवाहिक विवाद को हल करने का प्रयत्न किया । परंतु इसमें गतिरोध आ गया । वे दोनों विवाचन (Arbitration) के साथ-साथ मध्यस्थ (mediation) का भी सहारा लेना चाहते हैं ।

(क) ऐसे मामलों को बतायें जिनमें यह मिला-जुला रूप (hybrid) प्रयोग के लिये उचित है ।

(ख) इस प्रकार के मध्यस्थम के किन्हीं दो दोषों का उल्लेख करें ।

collegebatch.com

## SECTION – C

29. Judicial review has helped to preserve the constitutional principles and values in India. **3**

In the given context answer the following questions :

(a) To whom is the power of judicial review available in India ?

(b) Examine the scope of judicial review in the matters concerning the legislative competence between the Centre and States.

(c) Can the practice of judicial review extend to Article 368 of the Constitution of India ? If yes, how ?

30. Suresh is an employee of a private firm and nurses a grudge against his colleague Atul. One morning at work, Suresh pulls back Atul's chair just as he is about to sit down causing Atul to be seriously injured. Identify the tort in this instance and explain its main features. **3**

31. Raju, Manoj and Anil are brothers who are joint owners of a plot of land. In course of time, there was a tussle over the ownership and partition of the said plot. They decide to take the matter to the Lok Adalat for expeditious resolution. Identify three benefits of a Lok Adalat in the given situation. **3**

**OR**

Rachna and Lokesh opted for an alternative dispute resolution mechanism and attempted to resolve their matrimonial dispute through mediation. However, it ended in an impasse. They both desire to carry on with mediation coupled with arbitration.

(a) Identify the kinds of cases where this hybrid is appropriate for use.

(b) State any two demerits of this type of mediation.

collegebatch.com

32. एक समाचारपत्र ने सुधार गृह में रखे गये एक 14 वर्ष के लड़के की मृत्यु का समाचार प्रकाशित किया । रिपोर्ट के अनुसार चोरी के आरोप में मृतक को वहाँ रखा गया था और उसने आत्महत्या की । यह भी सूचना दी गई कि इसी सुधार गृह में रखे गये बीस अन्य लड़के परेशान हैं और उन्हें मानसिक आघात पहुँचा है । एक सामाजिक कार्यकर्ता ने आरोप लगाया है कि स्टाफ अकुशल और असंवेदनशील है जो इन किशोर अपराधियों को संभाल नहीं सकता । भारत में उस निकाय का नाम बतायें जो मामले का स्वतः संज्ञान लेने और इन्क्वायरी (जाँच) शुरू करने का प्राधिकार रखता हो । इस मामले में जाँच–पड़ताल करने की इसकी शक्तियों की सूची दें । **3**

33. भारतीय विधिज्ञ परिषद (Bar Council of India) के तीन मुख्य कार्यों को स्पष्ट करें । **3**

**अथवा**

भारत में वकालत करने के इच्छुक विदेशी नागरिकों को किन अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए, इसे स्पष्ट करें ।

34. मानवाधिकारों को सार्थक करने के लिये कानूनी सहायता अनिवार्य है । इसका विस्तृत उल्लेख करें । **3**

**अथवा**

कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत किसी भी संकल्प को धारण करने के उद्देश्य से लोक अदालत के पास वही शक्तियाँ हैं, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत एक सिविल कोर्ट में निहित हैं । लोक अदालत में निहित ऐसी शक्तियों की सूची बनाएँ ।

35. गरीबों के सामने आने वाली कठिनाइयों पर टिप्पणी करते हुए भारत के एक न्यायाधीश ने कहा था कि विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम, 1987 की प्रस्तावना कुछ श्रेणी के नागरिकों के लिये निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान करती है ।

(क) उन सामाजिक परिवर्तनों को बतायें जिनके कारण कानूनी सेवायें आवश्यक हो गईं ।

(ख) नागरिकों की किन्हीं चार श्रेणियों का उल्लेख करें जो ऊपर उल्लिखित अधिनियम के प्रावधानों से लाभ उठा सकें । **3**

36. सभी देशों के सम्मिलित प्रयत्नों से वैश्विक तापमान (Global Warming) को नियंत्रित करने के प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिये एक वैश्विक अभिसमय (Convention) आयोजित किया गया । इस संबंध में एक बहु–पक्षीय संधि पर हस्ताक्षर किये गये । **3**

(क) यह संधि इसके हस्ताक्षरकर्ता देशों को किस तरह प्रभावित करेगी ?

(ख) इस संदर्भ में संधि की दो अनिवार्य बातों का उल्लेख करें ।

collegebatch.com

32. A newspaper publishes an article reporting the death of a 14-year old boy in an Observation Home. According to the report, the deceased was placed there following charges of theft and died by suicide. Twenty other boys lodged in the same facility were reported to be anxious and shocked. A social worker charged that the staff was unskilled and insensitive in handling juveniles. Identify the body that is vested to take *suo-moto* cognizance of the matter and initiate inquiry in India. List its powers in conducting investigation into the matter. **3**

33. Explain the three main functions of Bar Council of India. **3**

**OR**

Explain the requirements that must be met by foreign nationals who wish to practise law in India.

34. Legal aid is essential for human rights to become meaningful. Elaborate. **3**

**OR**

For the purpose of holding any determination under Legal Services Authorities Act, Lok Adalat have the same power as are vested in a Civil Court under the Code of Civil Procedure, 1908. Enlist such power vested with the Lok Adalats.

35. While commenting on the disadvantages suffered by the poor, a judge in India said that the Preamble of the Legal Services Authorities Act of 1987 provides free legal aid to certain categories of citizens.
    (a) Identify the societal changes that necessitated legal services.
    (b) Mention any four categories of citizens who can benefit from the provisions of the above mentioned Act. **3**

36. A Global Convention was held to strengthen efforts to curb Global Warming by the concerted efforts of all countries. In this regard, a multi-lateral treaty was signed. In this context,
    (a) How will this treaty impact its signatories ?
    (b) State two essentials of a treaty. **3**

collegebatch.com

### खण्ड – घ

37. भारत में आपराधिक कानून के उद्देश्यों को स्पष्ट करें । **5**

**अथवा**

अपकृत्य (tort) क्या है ? अपकृत्य कानून की चार मुख्य विशेषताओं की व्याख्या करें ।

38. लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के प्रयोजन और व्याप्ति की समीक्षा करें । **5**

**अथवा**

न्याय प्रदायगी की प्रतिकूल प्रणाली का मूल्यांकन करें ।

39. भारतीय संविधान में "समानता के अधिकार" की व्याप्ति का वर्णन करें । **5**

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय महिला आयोग के मुख्य कार्यों को स्पष्ट करें ।

40. बोस्को आंगविन अपने देश में अत्यधिक राजनैतिक अस्थिरता की अवधि के दौरान राज्य समर्थित आतंकवाद में भाग लेने का आरोपी है । **5**

(क) उस अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण का नाम बतायें जो बोस्को के विरुद्ध कार्रवाई कर सके ।

(ख) उस विधि (कानून) का नाम बतायें जिसने इस निकाय का सृजन किया ।

(ग) उन अपराधों की श्रेणियों की सूची दें जिनके लिये यह न्यायाधिकरण अपराधियों के विरुद्ध अभियोग लगा सके ।

(घ) इसकी शक्तियाँ किस प्रकार सीमित हैं ?

---

collegebatch.com

## SECTION – D

37. Explain the objectives of criminal law in India. **5**

**OR**

What is 'tort' ? Explain four main characteristic features of tort law.

38. Examine the purpose and scope of the Lokpal and Lokayukta Act, 2013. **5**

**OR**

Evaluate the adversarial system of justice dispensation.

39. Describe the scope of "right to equality" in the Indian Constitution. **5**

**OR**

Explain the main functions of the National Commission for Women in India.

40. Bosco Ongwen is accused of participating in State-sponsored terrorism during a period of intense political instability in his country. **5**

(a) Identify the international tribunal that can take action against Bosco.

(b) Name the legislation that created this body.

(c) List the categories of crimes for which this tribunal can prosecute criminals.

(d) In what ways is its power limited ?